Adda247

GET IT ON Google Play

EMRS TIER 2 PGT Hindi Descriptive Question Paper 22 March 2026

No. of Printed Pages : 3

EPG (HINDI)

अनुक्रमांक
Roll No.

SEAL

Question Paper / प्रश्न-पत्र

Maximum Marks : 60 अधिकतम अंक : 60

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक पंक्ति में)।
   (A) 'अरथ तो इसका बूझेगा। मुँह देखो तो सूझेगा।।' काव्य-पंक्ति किसके बारे में है?
   (B) 'एक थाल मोती से भरा। सिर के ऊपर औंधा धरा।।' काव्य-पंक्ति का आशय है :
   (C) 'एक नार पिया को भानी, तन वाको सगरा ज्यों पानी' का आशय है :
   (D) 'एक नार ने अचरज किया, साँप मारि पिंजरे में दिया।' पहेली का उत्तर है :

2. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम एक पंक्ति)
   (A) विद्यापति के श्रृंगारिक पदों के नायक और नायिका कौन-कौन हैं?
   (B) 'मैथिल कोकिल' किसे कहा जाता है?
   (C) विद्यापति के काव्य की भाषा कौन-सी है?
   (D) 'आध्यात्मिक रंग के चश्मे आजकल बहुत महँगे हो गए हैं' विद्यापति के बारे में किसने कहा है?

3. निम्नलिखित में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक पंक्ति में दीजिए :
   (A) 'राम नाम का मरम है आना' में रेखांकित शब्द का अर्थ है :
   (B) कबीर के गुरू का नाम है :
   (C) सीढ़ियों पर लेटे कबीर पर जब स्वामी रामानंद का पैर पड़ा तो उनके मुँह से क्या शब्द निकला?
   (D) कबीर की वाणी कहलाती है :

4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) 'रेख न रूप, बरन जाके नहिं ताको हमें बतावत' काव्य-पंक्ति में किसकी ओर संकेत किया गया है?
   (B) 'सुरतिय, नरतिय, नागतिय, सब चाहति अस होय' प्रस्तुत काव्य-पंक्ति किसके बारे में है?
   (C) 'कयामत' का वर्णन करने वाली जायसी की रचना है :
   (D) एक अक्षर को लेकर सिद्धांत संबंधी तत्वों से भरी चौपाईयों वाली जायसी की रचना है :

Adda247

GET IT ON Google Play

5. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम एक-एक पंक्ति में दीजिए :

(A) 'नेही महा, ब्रजभाषा प्रवीन औ सुंदरताहु के भेद को जानै' काव्य-पंक्ति में ब्रजभाषा प्रवीन किसको कहा गया है ?

(B) रीति स्वच्छंदधारा के किस कवि को 'प्रेम की पीर' का कवि कहा जाता है ?

(C) 'अरसानि गही वह बानि कछु, सरसानि सो आनि निहोरत है।' काव्य-पंक्ति के रचयिता हैं :

(D) 'विरहलीला' के रचयिता हैं :

6. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम एक-एक पंक्ति)

(A) 'कहाँ करूणानिधि केशव सोए ?
जागत नाहिं अनेक जतन करि भारतवासी रोए ?'
काव्य-पंक्तियों के रचयिता हैं :

(B) भारतेन्दु की रचना 'विजयिनीविजय वैजयंती' की मुख्य विषयवस्तु है :

(C) 'निकल रही है उर से आह
ताक रहे सब तेरी राह।'
काव्य-पंक्तियों के रचयिता हैं :

(D) 'मेरे आँगन का एक फूल।' मैथिली शरण गुप्त की रचना 'पुष्पांजलि' की प्रस्तुत काव्य-पंक्ति में 'आँगन का फूल' किसको कहा गया है ?

'गोदान' उपन्यास के आधार पर निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अधिकतम एक एक पंक्ति)।

(A) उपन्यास में होरी किससे गाय खरीदकर लाया था ?

(B) उपन्यास में गाय का नाम क्या रखा गया है ?

(C) गाय के मरने का कारण क्या था ?

(D) गोबर और झुनिया के बीच संबंध किस तरह का है :

8. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए : (अधिकतम एक-एक पंक्ति)

(A) 'गुलाब' मूलत: किस भाषा का शब्द है ?

(B) 'औरत' मूलत: किस भाषा का शब्द है ?

(C) 'तोप' मूलत: किस भाषा का शब्द है ?

(D) 'लालटेन' मूलत: किस भाषा का शब्द है ?

9. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :

(A) किस रचना को खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य कहा जाता है ?

(B) क्या 'उदयभान चरित' ही रानी केतकी की कहानी है ?

(C) क्या स्वत:स्फूर्त गद्य लेखन का उदाहरण इंशा अल्ला खाँ की कहानी में मिलता है ?

(D) गिलक्राइस्ट का फोर्ट विलियम कॉलेज, से क्या संबंध था ?

Adda247
GET IT ON Google Play

10. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) हिन्दी की आरंभिक साहित्यिक पत्रिकाओं में 'समालोचक' के संपादक थे :
   (B) 'ग्राम' कहानी के लेखक हैं :
   (C) 'रक्षा-बंधन' कहानी के रचयिता हैं :
   (D) 'सुखमय जीवन' कहानी के लेखक हैं :

11. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :
   (A) यहाँ असली गाय का दूध मिलता है।
   (B) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
   (C) मुझे एक चाय का पैकेट चाहिए।
   (D) आप अपना काम कर लो।

12. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 से 351 तक में किसका उल्लेख मिलता है?
   (B) संघ की राजभाषा का उल्लेख किस अनुच्छेद में मिलता है?
   (C) संघ की राजभाषा की लिपि क्या निर्धारित की गयी है?
   (D) शासकीय कार्यों के लिए राजभाषा में किस तरह के अंकों का प्रयोग किया जाता है?

13. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति)
   (A) कहानी आगे कैसे बढ़ती है?
   (B) पात्रों के कितने रूप होते हैं?
   (C) क्या कहानी में चरमोत्कर्ष से पहले उप कथाएँ समाप्त हो जाती हैं?
   (D) विषयवस्तु के अनुसार कहानियाँ कितने प्रकार की होती हैं?

14. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दीजिए (अधिकतम एक-एक पंक्ति) :
   (A) संवाद किसे कहते हैं?
   (B) कहानी में संप्रेषण किस प्रकार होता है?
   (C) क्या कहानी में विभिन्न पात्रों के संवाद एक समान होने चाहिए?
   (D) संवाद लेखक से पात्र का क्या आग्रह होता है?

15. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर अधिकतम एक वाक्य में दीजिए :
   (A) 'शृंगार मंडन' नामक ग्रंथ ब्रजभाषा में किसने लिखा है?
   (B) ब्रजभाषा गद्य की पुस्तक 'अष्टयाम' के लेखक हैं :
   (C) ब्रजभाषा गद्य में 'अगहन माहात्म्य' और बैशाख माहात्म्य' नाम की दो छोटी पुस्तकों के लेखक हैं :
   (D) संस्कृत से कथा लेकर 'बैताल पच्चीसी' की रचना किसने की?

-o0o-